
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 180 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...प्रॉपर्टी कार्ड बांटने की शुरुआत



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 18 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 73 साल बाद भी नहीं सुधरा पाकिस्तान

7 अर्जुन की गेंदबाजी को तराश रहे जहीर

## संक्षिप्त समाचार

### उनके पास विजन न अनुभव, जो मन में आता है बोलते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

औरंगाबाद। जदयू प्रमुख एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां औरंगाबाद और रोहतास में अपनी चुनावी सभाओं में नाम लिए बिना लालू परिवार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर खूब तंज कसे। कहा कि उनके पास न कोई विजन है और न ही अनुभव। जो मन में आया बोल देते हैं। राजद सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि मुखिया ने ऐसा काम किया तभी तो आज अंदर हैं। नीतीश ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के विकास के लिए काफी प्रयासरत है। मौका दीजिएगा भाई तो हम तो सेवा करेंगे। हम काम ही करते हैं।

### शौर्य चक्र विजेता बलविंदर सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पंजाब। आतंकवादियों से लोहा लेने वाले शौर्य चक्र विजेता बलविंदर सिंह भिखीविंड के शव का पट्टी के अस्पताल से पोस्टमार्टम तो हो गया, पर परिवार ने अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए सरकार समक्ष मांगे रख दी। इससे काफी देर तक प्रशासन पसोपेश में रहा। हालांकि बाद में एसडीएम राजेश खुल्लर ने मांगें मानने का आश्वासन दिया। इसके बाद स्वजन संस्कार के लिए राजी हो गए हैं। इसके बाद बलविंदर सिंह भिखीविंड का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### बलिया गोलीकांड के मुख्य आरोपी ने खुद को बेगुनाह बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बलिया। मुख्य आरोपी धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ डब्लू ने एक वीडियो जारी करते हुए खुद को बेगुनाह बताया है। बलिया में कोटे की दुकान आवंटन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था। आरोप है कि बीजेपी नेता धीरेंद्र ने सीओ और एसडीएम की मौजूदगी में जयप्रकाश पाल नाम के शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि नौ मिनट के इस वीडियो में धीरेंद्र ने कहा है कि उसने गोली नहीं चलाई।

# दो गज की दूरी और मास्क जरूरी

## प्रधानमंत्री बोले, कोरोना महामारी को रोकने के लिए करते रहे प्रयास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोरोना महामारी को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता की। इस मीटिंग में उन्होंने कहा कि महामारी को रोकने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये महामारी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है इसको रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों को बनाए रखना होगा। लोगों को दो गज की दूरी और मास्क जरूरी जैसी चीजों का पालन करना होगा।

पीएम ने आगे निर्देश दिया कि देश की भौगोलिक स्थिति और विविधता को ध्यान में रखते हुए, वैक्सीन की पहुंच तेजी से सुनिश्चित की जानी चाहिए। पीएम ने जोर देकर कहा कि लॉजिस्टिक्स, डिलीवरी और एडमिनिस्ट्रेशन में हर कदम को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

### वैक्सीन वितरण को लेकर पीएम मोदी की दो टूक

प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि हमें अपने पड़ोस में अपने प्रयासों को सीमित नहीं करना चाहिए, बल्कि वैक्सीन वितरण प्रणाली के लिए टीके, दवाइयां और आईटी प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए पूरी दुनिया तक पहुंचना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड–19 महामारी की स्थिति और टीका वितरण एवं प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, सदस्य (स्वास्थ्य) नीति आयोग और भारत सरकार के अन्य नेता मौजूद थे।

**अगले ढाई माह बहुत अहम:** इससे पहले शुक्रवार को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा था कि सर्दी के मौसम और त्योहारों को देखते हुए कोरोना के खिलाफ जंग में अगले ढाई महीने बहुत अहम हैं। इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें और कोरोना को फैलने से रोकें। उन्होंने कहा कि देश में तीन कोरोना वैक्सीन का परीक्षण अग्रिम चरण में है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो देश में जल्द ही स्वदेशी कोरोना वैक्सीन का उत्पादन शुरू हो जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत में जिन तीन टीकों को विकसित करने का काम प्रगति पर है और उनमें से एक वैक्सीन के लिए तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है जबकि दो वैक्सीन अभी दूसरे चरण के क्लीनिकल परीक्षण के दौर में हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में अगले ढाई महीने बेहद अहम होने जा रहे हैं क्योंकि सर्दियों और त्योहारों का मौसम शुरू हो रहा है।

### चरम पर पहुंचकर घटने लगे सक्रिय मामले

18 सितंबर को सक्रिय मामले सर्वाधिक 10.17 लाख रिकॉर्ड किए गए। इसके बाद से लगातार मामलों में गिरावट आ रही है। करीब दो लाख कम होकर सक्रिय मामले 7.98 लाख हो चुके हैं। यही नहीं मामलों के दोगुना होने की अवधि भी बढ़ गई है। अगस्त मध्य में मामले 25.5 दिन में दोगुना हो रहे थे, वहीं अब यह अवधि 72.8 दिन हो गई है।



### लापरवाही पड़ सकती है भारी

महामारी विशेषज्ञों का मानना है कि हमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए अन्यथा यह कोरोना की दूसरी लहर का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन, स्कूल-कॉलेज खुलने, सर्दी और प्रदूषण के चलते इसकी दूसरी लहर आ सकती है।

# भाजपा के लिए पार्टी ही हमारा परिवार है: नड्डा

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय का किया वर्चुअल शिलान्यास

**संवाददाता**

देहरादून। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को दिल्ली से वर्चुअली देहरादून में पार्टी के प्रदेश कार्यालय के नए भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रांतीय कार्यालय भविष्य के लिहाज से अति उपयोगी है और इसे 50 साल आगे के हिसाब से बनाया जाएगा। देशभर में पार्टीजनों के सहयोग से पार्टी कार्यालय बनाए जा रहे हैं।

इस दौरान नड्डा ने विपक्ष को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि अगर एक पार्टी का कार्यालय राजनेता के निवास स्थान से संचालित होता है तो इसका मतलब है कि पार्टी उस व्यक्ति की है। पर अन्य दलों के लिए ऐसा नहीं है। उनके मामले में परिवार पार्टी बन गया है। पर भाजपा के लिए पार्टी ही हमारा परिवार है।

### आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस होगा कार्यालय

आपको बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का नया प्रदेश कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा, जो आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस होगा। इस कार्यालय में कार्य संबंधी अपेक्षित कक्ष और सुविधाएं, तकनीकी उपकरण के साथ ही वरिष्ठ नेताओं के आने पर उनके लिए अतिथि कक्षों समेत विभिन्न व्यवस्थाएं रहेंगी।

दून के रिंग रोड के प्रदेश भाजपा का नया कार्यालय बनने जा रहा है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसका ऑनलाइन शिलान्यास किया। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दलों पर निशाना साधा। जेपी नड्डा ने कहा, बात चाहे कांग्रेस की हो या फिर किसी भी क्षेत्रीय पार्टी की। सभी भाई–बहन, मां–बेटे की रक्षा करने में व्यस्त है। कहीं तो भतीजों के साथ अनबन चल रही है। परिवार ही उनके लिए पार्टी बन चुका है।

दून में कार्यक्रम में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत, सांसद तीरथ सिंह रावत व माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यमंत्री डॉ. धन सिंह रावत, प्रांतीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे। दिल्ली से राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद अजय भट्ट और अजय टम्टा, राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी आदि वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े।

विस्तृत खबर पेज 8 पर...

# देश में कोरोना संक्रमण के 62,212 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 74 लाख के पार चली गई है, वहीं संक्रमण मुक्त हुए लोगों की संख्या भी 65 लाख से अधिक हो गई है। इस प्रकार संक्रमण से स्वस्थ होने वालों की दर 87.78 प्रतिशत हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार कोविड–19 के 62,212 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 74,32,680 हो गए हैं वहीं संक्रमण से 837 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 1,12,998 हो गई है।

मंत्रालय ने कहा कि डेढ़ माह में पहली बार उपचाराधीन लोगों की संख्या आठ लाख के नीचे आई है। वहीं लगातार नौवें दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या नौ लाख से कम रही है। देश में 7,95,087 लोगों का संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 10.70 प्रतिशत है वहीं 65,24,595 लोग अब तक संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। संक्रमण से मृत्यु दर 1.52 प्रतिशत हो गई है। भारत में कोविड–19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख का आंकड़ा पार कर गए थे जबकि 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख और 11 अक्टूबर को 70 लाख को पार कर गए।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 16 अक्टूबर तक 9,32,54,017 नमूनों की जांच हुई, जिनमें से शुक्रवार को 9,99,090 नमूनों की जांच की गई।

### कोरोना अपडेट



■कुल संख्या 74 लाख के पार


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# 30 करोड़ भारतीयों को पहले लगेगा कोरोना का टीका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने कोरोना वायरस टीकाकरण अभियान की तैयारी शुरू दी है। प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन पाने वाले 30 करोड़ लोग कौन होंगे, इसकी लिस्ट तैयार की जा रही है। इनमें ज्यादा खतरे वाली आबादी के अलावा फ्रंटलाइन वर्कर्स जैसे–हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स, पुलिस, सैनिटेशन कर्मचारी होंगे। करीब

### सरकार ने बनानी शुरू की लिस्ट

30 करोड़ लोगों के लिए 60 करोड़ टीके लगेंगे। एक बार वैक्सीन अप्रूव हो जाए, उसके बाद टीके लगना शुरू हो जाएंगे। प्रॉयरिटी लिस्ट में चार कैटेगरीज हैं–करीब 50 से 70 लाख हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स, दो करोड़ से ज्यादा फ्रंटलाइन वर्कर्स, 50 साल से ज्यादा उम्र वाले करीब 26 करोड़ लोग और ऐसे लोग जो 50 साल से कम उम्र के हैं मगर अन्य बीमारियों से ग्रस्त हैं।

वैक्सीन को लेकर बने एक्सपर्ट ग्रुप ने प्लान का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। केंद्रीय एजेंसियों और राज्यों से भी इनपुट्स लिए गए थे। नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल की अगुवाई वाले इस ग्रुप ने जो प्लान बनाया है, उसके हिसाब से पहले चरण में देश की 23 प्रतिशत आबादी को कवर कर लिया जाएगा।